तुरंत रिलीज के लिए

# इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट में सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की साझेदारी ने एक्सीलेंस इन इकोनॉमिक डिवलेपमेंट अवॉर्ड जीता

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (26 अक्तूबर, 2020) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को, हाल ही के इंटरनेशनल इकोनॉमिक डिवलेपमेंट काउंसिल (आई.ई.डी.सी.) (International Economic Development Council) (IEDC) के 2020 एक्सीलेंस इन इकोनॉमिक डिवलेपमेंट अवार्ड्स (2020 Excellence in Economic Development Awards) में, इसकी इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट (Innovation District) और पोस्ट सेकंडरी साझेदारियों के लिए कांसा रैंक का अवॉर्ड दिया गया था।

अवॉर्ड, दुनिया के सबसे अच्छे आर्थिक विकास वाले प्रोग्रामों और साझेदारियों, मार्केटिंग सामग्रियों और वर्ष के सबसे अधिक प्रभावशाली लीडर्स को सम्मानित करते हैं। 35 अवॉर्ड श्रेणियां, संगठनों और व्यक्तियों के शहरी, उपनगरीय और ग्रामीण समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने में उनके प्रयासों के लिए, उन्हें सम्मानित करती हैं। इस वर्ष के शुरू में नामांकन प्रक्रिया आयोजित होने के बाद, अवॉर्ड्स का फैसला, दुनियाभर के आर्थिक और सामुदायिक विकासकों के विविध पैनल द्वारा किया गया था।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को, "शिक्षा संबंधी संस्थानों के साथ साझेदारियां" ("Partnerships with Educational Institutions") श्रेणी में सम्मानित किया गया था।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट (Innovation District) को ब्रांड बनाकर, अपने डाउनटाउन में एक इनोवेशन और उद्यम ईकोसिस्टम बना रही है। इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट, रायरसन यूनिवर्सिटी (Ryerson University) और अल्मोगा यूनिवर्सिटी (Algoma University) सहित, शिक्षा संबंधी संस्थानों के साथ साझेदारियों से लाभ उठाता है, ताकि शिक्षा व प्रतिभा विकास और शुरुआती उद्यम इनक्यूबेशन और गतिवर्द्धक जगह प्रदान की जा सके। इनके साथ और अन्य संस्थानों के साथ साझेदारियां, ब्रैम्पटन के इनोवेशन ईकोसिस्टम की नींव हैं।

रायरसन के साथ सिटी की साझेदारी, ब्रैम्पटन को साइबरसिक्योरिटी में उत्कृष्टता के केंद्र के तौर पर स्थापित करती है। रायरसन द्वारा रोजर्स साइबरसिक्योर कैटालिस्ट (Rogers Cybersecure Catalyst), साइबरसिक्योरिटी में नवीनता और सहयोग का राष्ट्रीय केंद्र है; सिटी भी फेडरल डिवलेपमेंट (FedDev) और निजी सेक्टर के साझेदारों के साथ फंडिंग में योगदान दे रही है। सिटी ने इनक्यूबेटर्स, फंडिंग, नेटवर्किंग और मेंटरशिप तक पहुंच बनाते हुए, कैटालिस्ट साइबर एक्सलरेटर (Catalyst Cyber Accelerator) और रायरसन वेंचर ज़ोन (Ryerson Venture Zone) स्थापित करने के लिए भी रायरसन के साथ साझेदारी की।

अल्गोमा के साथ सिटी की साझेदारी, वहन योग्य शिक्षा तक पहुंच को बढ़ाते हुए, डाउनटाउन में उनके ब्रैम्पटन कैंपस (Brampton Campus) के विस्तार की हिमायत करती है। कैंपस फुटप्रिंट और नामांकन को बढ़ाने और नई प्रोग्रामिंग पेश करने से, युवाओं को ब्रैम्पटन में पढ़ने, रहने और काम करने के योग्य बनाकर, डाउनटाउन को पुनः शक्तिशाली बनाने में योगदान देता है।

इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट का विस्तार, ब्रैम्पटन की आर्थिक वृद्धि का मुख्य हिस्सा है। इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट में अन्य संगठनों के साथ साझेदारियों के साथ-साथ, शिक्षा संस्थानों के साथ साझेदारियों, इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट के लिए ठोस नींव स्थापित करती हैं और डिस्ट्रिक्ट में नए साझेदारों को आकर्षित करती हैं। इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट का लक्ष्य यह है कि यह उद्यमियों और कारोबारियों को उनके सफर के प्रत्येक पड़ाव पर, कई तरह की मदद प्रदान करेगा।

इंटरनेशनल इकोनॉमिक डिवलेपमेंट काउंसिल, आर्थिक विकासकों के लिए काम करने वाला एक गैर-लाभ, गैर-पक्षपाती मेम्बरशिप संगठन है। 5,000 से अधिक मेम्बरों के साथ, आई.ई.डी.सी. (IEDC), आर्थिक विकास पेशे के लिए काम करने वाला, दुनिया का सबसे बड़ा मेम्बरशिप संगठन है।

**हवाले**

"सभी क्षेत्रों में मज़बूत साझेदारियां, हमारी सिटी की भलाई के लिए महत्वपूर्ण हैं – हम जानते हैं कि हम यह सब अकेले नहीं कर सकते, विशेषकर जब हम बहाल होने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी सिटी को सकारात्मक रूप से प्रगतिशील और खुशहाल भविष्य में आगे बढ़ाने में विचारविमर्श करने और हमारे साथ मिलकर काम करने के लिए हमारे साझेदारों का धन्यवाद।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"हमारे इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट का लगातार विकास, हमारी इकोनॉमिक रिकवरी स्ट्रैटजी में महत्वपूर्ण कार्रवाई है और हमारी साझेदारियां, हमारी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जैसे कि हमारी सिटी को कोविड-19 के असरों से आगे बढ़ाते हुए आखिरकार महामारी से बाहर निकल रहे हैं, हम हमारे साझेदारों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि हमारे उद्यमियों और कारोबारी समुदाय को उनकी पूरी बहाली और भविष्योन्मुखी वृद्धि में सक्षम बनाने में मदद के लिए हर तरह की सहायता प्रदान कर सकें।"

- *पॉल विसेंट (Paul Vicente), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; वाइस-चेयर, इकोनॉमिक डिवलेपमेंट एंड कल्चर; को-चेयर, मेयर्स कोविड-19 इकोनॉमिक स्पोर्ट टास्क फोर्स, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"मैं, हमारे समुदाय में साझेदारियां करने में रोज़ाना काम करने हेतु हमारे स्टाफ़ की सराहना करता हूं। हम हमेशा उत्कृष्टता का प्रयास करते हैं और यह अवॉर्ड, हमारे इकोनॉमिक डिवलेपमेंट स्टाफ द्वारा पर्दे के पीछे किए काम का प्रमाण है, जो वे ऐसी साझेदारियां करने के लिए रोज़ाना करते हैं, जो हमारी सिटी में वृद्धि करती हैं और निवासियों को फायदा पहुंचाती हैं।"

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"आई.ई.डी.सी. के एक्सीलेंस इन इकोनॉमिक डिवलेपमेंट अवार्ड्स के विजेता, आर्थिक विकास में बेहतरी को दर्शाते हैं और सूक्ष्म बुद्धि, अखंडता और लीडरशिप की मिसाल देते हैं, जिसके लिए हमारा पेशा रोज़ाना प्रयास करता है। हमें 100 से अधिक समुदायों में से सम्मानित किया गया है, जिनके मार्केटिंग अभियान, प्रोजेक्टों और साझेदारियों ने रीजनल जीवन गुणवत्ता को काफी हद तक बेहतर बनाया है।"

- *केनी मैकडॉनल्ड (Kenny McDonald) , 2020 आई.ई.डी.सी. बोर्ड चेयर; चीफ एग्जीक्यूटिव अफसर, वन कोलम्बस*

"रायरसन यूनिवर्सिटी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के लिए इन प्रतिष्ठा में भूमिका निभाकर बेहद खुश है। ब्रैम्पटन में रायरसन के रोजर्स साइबरसिक्योर कैटालिस्ट और रायरसन वेंचर ज़ोन के द्वारा, यूनिवर्सिटी विशिष्टता और अनुभव प्रदान करती है, ताकि ब्रैम्पटन में इनोवेशन संचालित करने और उद्यम बनाने में मदद की जा सके। हम भविष्य में इन साझेदारियों को बढ़ाना जारी रखने के लिए उत्साहित हैं।"

- *मुहम्मद लाचेमी (Mohamed Lachemi), प्रेजिडेंट एंड वाइस-चांसलर, रायरसन यूनिवर्सिटी*

“अल्गोमा यूनिवर्सिटी को, आई.ई.डी.सी. द्वारा सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को प्रदान की गई मान्यता के बारे में जानकर खुशी हुई। सिटी के अधिकारियों द्वारा दर्शाई गई शानदार लीडरशिप, दृष्टिकोण और साझेदारी के लिए प्रतिबद्धता ने, 2019-20 में अल्गोमा में दाखिले में 223 प्रतिशत की वृद्धि का सहयोग देने में मदद की, जब हम डाउनटाउन ब्रैम्पटन के केंद्र में पोस्ट-सेकंडरी पहुंच का विस्तार करना जारी रख रहे हैं। इन प्रयासों के, इस बढ़ते समुदाय को छोटी और लंबी-अवधि, दोनों में आर्थिक और सामाजिक फायदे होंगे।”

– *क्रेग फोलर (Craig Fowler), वाइस प्रेजिडेंट, ग्रोथ, इनोवेशन एंड एक्सटर्नल रिलेशंस, अल्गोमा यूनिवर्सिटी*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca